# वीरमाधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

**Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University**

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in


Ref.No. 2932/Exam/VMSBUTU/2023 Date. 02/01/2023

सेवा में,

**निदेशक/प्राचार्य,**
समस्त सम्बद्ध संस्थान,
वी0मा0सिं0भ0उ0त0वि0वि0,देहरादून।

**विषयः <u>विश्वविद्यालय को अंक प्रेषण के संबंध में।</u>**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा अपनी शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन हेतु तैयार किये जा रहे University Management System (UMS) के माध्यम से विभिन्न पाठयक्रमों में अध्यापित विषयों के सैत्रिक व परीक्षा अंकों के प्रेषण हेतु शिक्षकों के Login में समुचित प्रावधान किये जा चुके हैं।

दिनॉक 02 Jan 2023 से प्रारम्भ हुये प्रायोगिक परीक्षाओं, सेशनल अंकों व थ्योरी सेशनल अंकों को UMS के माध्यम से संस्थाओं द्वारा विश्वविद्यालय को शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराया जाना है। इस हेतु सभी संस्थाओं के निदेशकों को Institute Login के माध्यम से अपनी संस्था में उपलब्ध समस्त शिक्षकों का विवरण पंजीकृत कराते हुए उनके Faculty Login तैयार कराये जाने हेतु पूर्व में ही सूचना निर्गत की जा चुकी है। आशा है कि सभी संस्थाओं ने अपने शिक्षकों के Faculty Login तैयार कराते हुये उनके द्वारा विषम सेमेस्टर 2022-23 में अध्यापित विषयों की जानकारी दर्ज करा दी होगी। यदि संस्था निदेशक स्तर से अभी तक शिक्षकों हेतु Faculty Login कियान्वित करने की कार्यवाही सम्पन्न नही की गयी है तो आपसे अनुरोध है कि अविलम्ब अपने Institute Login के माध्यम से शिक्षकों की Profile तैयार कराते हुए उनके Faculty Login पर विषयों का आंवटन करने का कष्ट करें।

संस्थान द्वारा अपने शिक्षकों को विषय आंवटित किये जाने के उपरान्त संबंधित शिक्षक को उनके Faculty Login के माध्यम से उनके द्वारा अध्यापित थ्योरी विषयों के सेशनल अंक, प्रयोगात्मक विषय के सेशनल व परीक्षा के अंक प्रदान करने हेतु Blank Award Sheet UMS पर उपलब्ध हो जायेगी। तदोपरान्त् प्रत्येक शिक्षक को अपने विषय के सेशनल अंक, प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक UMS पर Primary Submission के माध्यम से जमा करने होंगे।

Primary Submission के उपरान्त जमा किये गये अंकों की पुष्टि के बाद ही शिक्षक संतुष्ट होने पर Final Submission के विकल्प को इस्तेमाल करते हुए अंकों का प्रेषण विश्वविद्यालय के UMS पर कर सकेंगे। UMS पर शिक्षकों द्वारा भरे गये अंकों को संबंधित संस्था के निदेशक द्वारा Online विधि से Verify/Approve करना होगा। जिसके बाद इस प्रकार से दर्ज किये गये अंकों को विश्वविद्यालय परीक्षाफल निर्माण में उपयोग में लायेगा।

संस्था के निदेशक स्तर से अपने शिक्षकों द्वारा Final Submission के माध्यम से जमा किये गये अंकों के निर्धारित समयावधि में Verify/Approve न किये जाने की दशा में ऐसे समस्त अंक स्वतः विश्वविद्यालय को प्रेषित हो जायेंगे एवं इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन सम्भव नही हो पायेगा।

प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक प्रदान करने हेतु भी Blank Awardsheet UMS पर उपलब्ध है एवं संबंधित शिक्षकों द्वारा उसका उपयोग करते हुए परीक्षा उपरान्त अंकों को Primary Submission व Final Submission विकल्पों का प्रयोग करते हुए UMS पर जमा करना होगा। जिसके साथ वाह्य परीक्षक का विवरण भी दर्ज करना अनिवार्य होगा। इस प्रकार Primary Submission में दर्ज अंकों की पुष्टि करने के उपरान्त आंतरिक शिक्षक द्वारा Final

वीरमाधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)
**Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University**
(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

Ref.No……………… Date……………….....

Submissuon परीक्षा समाप्ति के तुरन्त बाद किया जाना अनिवार्य होगा, जिसे संस्था के निदेशक द्वारा सत्यापित किये जाने के उपरान्त यह अंक विश्वविद्यालय में उपलब्ध हो जायेंगे। सत्यापन में विलम्ब की दशा में यह अंक स्वतः विश्वविद्यालय प्रेषित माने जायेंगे, तथा इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन अनुमन्य नही होगा।

अतः आप से अनुरोध है कि अपनी संस्था के शिक्षकों से थ्योरी व प्रयोगात्मक विषयों के सेशनल अंकों को UMS पर उपरोक्तानुसार जमा कराना सुनिश्चित करें। साथ ही संस्था में सम्पन्न हो रहे प्रयोगात्मक विषयों के परीक्षा अंकों को आतंरिक व वाह्य परीक्षक की सहमति उपरान्त UMS पर जमा कराना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षाफल निर्माण की कार्यवाही समयान्तर्गत सम्पन्न हो सकें।

उक्त के साथ यह भी अनुरोध है कि UMS पर दर्ज कराये गये समस्त अंकों (सेशनल/प्रयोगात्मक परीक्षा/अन्य) की पूर्ण Award Sheet अपने स्तर से Download कर Print कराते हुये संबंधितों के हस्ताक्षर उपरान्त परीक्षा समाप्ति के बाद संकलित रूप से विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे एवं इसकी एक प्रति अपनी संस्था में भी सुरक्षित रखेंगे।

आपसे यह भी अनुरोध है कि आवश्यक रूप से विषम सेमेस्टर 2022-23 की अपनी संस्था के प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम की प्रमाणित प्रति भी विश्वविद्यालय को अपने–अपने Institute Login के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करें एवं इस हेतु कृपया आपके Login में उपलब्ध Upload Circular का प्रयोग करें।

भवदीय,
(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0 को कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
4. वेब मास्टर वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून को इस निर्देश के साथ ही संबंधित पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड हेतु।
5. नोडल आफिसर, यू0एम0एस0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक।